अनुस्मारक एक

संख्या ए. 20011/15(क)/2023-हिंदी
भारत सरकार, गृह मंत्रालय
समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार

खंड-9, के.स.का. परिसर
लोधी रोड, नई दिल्ली-3
दिनांक- 05/07/2023

राजभाषा अनुभाग

विषय: राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित जून 2023 को समाप्त तिमाही रिपोर्ट भाग-1 को अग्रेषित करने के संबंध में।

कृपया उपर्युक्त विषय पर राजभाषा अनुभाग के अंतर्गत सभी अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों के अधिकारियों को अपने-अपने केन्द्र की 30 जून 2023 को (दिनांक 01 अप्रैल 2023 से 30 जून 2023 की अवधि) समाप्त तिमाही की राजभाषा हिंदी की तिमाही प्रगति रिपोर्ट (केवल भाग- एक, प्रमाण-पत्र सहित) को विधिवत भरकर ई-मेल के माध्यम से sksingh.dcpw@nic.in पर अपलोड करने का अनुरोध किया था किन्तु कुछ ही केन्द्रों ने अपनी रिपोर्ट इस अनुभाग को भेजी है। अतः पुनः अनुरोध है कि 07 जुलाई 2023 तक अपने केन्द्र की रिपोर्ट अपलोड करें ताकि सभी केन्द्रों की रिपोर्ट समेकित कर निदेशक महोदय के समक्ष समय पर प्रस्तुत की जा सके।

2. आगे सूचित किया जाता है कि राजभाषा हिंदी की तिमाही प्रगति रिपोर्ट (भाग-एक) का प्रपत्र (प्रमाण-पत्र सहित) निदेशालय की वेबसाइट (यूटीलिटी फॉर्म) पर उपलब्ध है।

05/07/23
(शशि कान्त सिंह)
सहायक निदेशक (राजभाषा)

प्रेषितः-

1. सभी अ.रा.पु.बे. केन्द्रों को।
2. सूचना एवं प्रौद्योगिकी अनुभाग को (वेबसाइट पर अपलोड हेतु)।